मेहंदी इतना बता तूने कौन सा पुण्य किया है

मेहंदी ओ मेहंदी इतना बता तूने कौन सा पुण्य किया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथों में सजा लिया है,
मेहंदी बोलो ना मेहंदी बोलो ना......

मेरी किस्मत जब से बनी है मैया ने अपनाया,
मैया किससे प्यार करें यह कोई जान ना पाया,
मेहंदी बोलो ना मेहंदी बोलो ना......

मैया की कृपा से मैंने दुनिया में नाम किया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथों में सजा लिया है,
मेहंदी बोलो ना मेहंदी बोलो ना......

लाल है चोला, लाल है चूनरी, लाल रोली का टीका,
लेकिन मैंने देखा मां का हाथ है फीका फीका,
इन फीके फीके हाथों को मैंने लाल किया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथों में सजा लिया है
मेहंदी बोलो ना मेहंदी बोलो ना......

सबको अपनाया मेरी मैया मुझको भी अपना ले,
मुझको अपना दास समझ कर अपने गले लगा ले,
भक्तों यह है खेल अनोखा मैंने जान लिया है,
खुश होकर मैया ने तुमको हाथों में सजा लिया है,
मेहंदी बोलो ना मेहंदी बोलो ना.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25695/title/mehndi-itna-bata-tune-kaun-sa-punya-kiya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |